# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

23 मई 2024, गुरुवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा उत्तर प्रदेश के डुमरियागंज, संत कबीरनगर, अंबेडकर नगर और प्रतापगढ़ में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**इस बार कांग्रेस 40 और सपा 4 सीट भी नहीं जीतने वाली**

**********************

**कांग्रेस केवल गरीबों की बात करती है, लेकिन मोदी जी गरीबों के लिए काम करते हैं**

**********************

**एटम बमों से देश के मसले हल नहीं होते हैं, देश के मसले नेता के एटम बम जैसे वज्र इरादों से हल होते हैं, जो मोदी जी में हैं**

**********************

**6 तारीख को राहुल और अखिलेश छुट्टी पर जा रहे हैं**

**********************

**इंडी अलायंस का इरादा SC, ST, OBC के आरक्षण पर डाका डालने का है**

**********************

**पहले यूपी में कट्टे बनते थे अब मिसाइल बनती है**

**********************

**जब तक मोदी जी हैं SC, ST, OBC के आरक्षण को कोई छीन ही नहीं सकता**

**********************

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के डुमरियागंज, संत कबीरनगर और अंबेडकर नगर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति पर जमकर निशाना साधा और मोदी सरकार के जनकल्याणकारी और विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रमों के दौरान मंच पर उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री भूपेन्द्र चौधरी, केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान, प्रदेश महामंत्री श्री संजय राय, उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री श्री संजय निषाद, सांसद श्री संजय सेठ, डुमरियागंज लोकसभा से प्रत्याशी श्री जगदंबिका पाल, संत कबीरनगर से लोकसभा प्रत्याशी श्री प्रवीण निषाद, अंबेडकर नगर से लोकसभा प्रत्याशी श्री रितेश पांडेय, प्रतापगढ़ से लोकसभा प्रत्याशी श्री संगम लाल गुप्ता सहित पार्टी के अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध ने समग्र विश्व को जीवन जीने का रास्ता दिखाया है। भगवान बुद्ध ने अपने जीवन का एक बड़ा कालखंड काशी, श्रावस्ती और सिद्धार्थनगर में बिताया था। **भगवान बुद्ध ने भारत की संस्कृति और विचार के साथ-साथ बौद्धी शब्द का सार पूरी दुनिया में पहुँचाने का काम किया। देश में हुए अब तक 5 चरणों के चुनावों में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 400 में से 310 के आंकड़े पार कर गए हैं और इंडी अलायंस का सूपड़ा साफ हो गया है। कांग्रेस पार्टी इस बार 40 सीटें भी पार नहीं कर पाएगी और**

**अखिलेश यादव को 4 सीट भी नसीब नहीं होगी।** इस चुनाव में श्री जगदंबिका पाल के नाम के सामने कमल के निशान को दिए हुए एक-एक वोट से वे सांसद बनेंगे और साथ ही आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

श्री शाह ने कहा कि विपक्ष यह घमंडिया गठबंधन बनाकर आगे बढ़ा है, लेकिन इनके जीतने की दूर-दूर तक कोई भी संभावना नहीं है, क्योंकि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। **इस देश की जनता जानना चाहती है कि अगर विपक्षी गठबंधन को बहुमत मिलता है तो उनका प्रधानमंत्री कौन होगा? अगर इंडी गठबंधन जीतती है तो इनके पास कोई प्रधानमंत्री पद का कोई उम्मीदवार नहीं है, और उनका कहना है कि सभी लोग बारी-बारी से प्रधानमंत्री बन जाएंगे।** उन्हें यह समझना होगा कि ऐसे देश नहीं चल सकता है। इस देश को एक मजबूत नेतृत्व चाहिए और वह केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे सकते हैं, डट कर कोरोना का मुकाबला कर सकते हैं, भारत को आत्मनिर्भर बना सकते हैं और महान भारत की रचना कर सकते हैं। 60 करोड़ गरीबों के जीवन में दीपक जलाने का काम केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते हैं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि विपक्षी पार्टियों के नेता केवल अपने परिवार के लिए राजनीति कर रहे हैं, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का परिवार भारत के 140 करोड़ देशवासी हैं जिनके लिए वे दिन रात मेहनत कर रहे हैं। **कांग्रेस वोटबैंक की तुष्टीकरण की राजनीति के चलते इस कगार पर पहुँच गई है कि कांग्रेस के नेता पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, ऐसा बोल कर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को ताक पर रखने की बात करते हैं, लेकिन भाजपा पाकिस्तान के परमाणु बम से डरने वाली नहीं है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।** विपक्ष को समझना होगा कि परमाणु बम से मसले हल नहीं होते हैं, बल्कि एक नेता के वज्र इरादों से मसले हल होते हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का कहना है कि एक देश में 2 संविधान, 2 झंडे और 2 प्रधान नहीं रह सकते है। कांग्रेस पार्टी ने कश्मीर से धारा 370 को हटाने का भी विरोध किया है। राहुल गांधी का कहना था कि धारा 370 को समाप्त कर देंगे तो देश में खून कि नदियां बह जाएंगी लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में खून कि नदियां छोड़िए किसी में कंकड़ मारने का भी साहस नहीं है। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त कर देश को सुरक्षित किया है।**

श्री शाह ने कहा कि 10 वर्षों तक मनमोहन सिंह कि सरकार में देश का अर्थतंत्र 11 वें स्थान पर था, लेकिन पिछले 10 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का अर्थतंत्र 11 वें स्थान से 5 वें स्थान पर पहुँच गया है और **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत का अर्थतंत्र विश्व का तीसरा सबसे बड़ा अर्थतंत्र बन जाएगा।** राहुल गांधी के नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन ने अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी के आरक्षण पर डाका डाला है। **हाल ही में, कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक फैसला सुनाया है जिसमें ओबीसी, पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग की सूची में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा 180 मुस्लिम जातियों को शामिल करने और पिछड़े वर्ग का आरक्षण का अधिकार "वर्ग विशेष" को देने के फैसले को निरस्त कर दिया है। हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण का समर्थन नहीं करता है।** ममता बनर्जी ने कई मुस्लिम जातियों को बिना किसी सर्वे के ओबीसी में शामिल कर दिया था, 2010 के बाद से जिन अल्पसंख्यकों को ओबीसी सर्टिफिकेट जारी किए थे, उनको कलकत्ता हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी के आरक्षण पर कोई डाका नहीं डाल पाएगा यह मोदी कि गरंटी है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **राहुल गांधी और अखिलेश यादव वोटबैंक कि राजनीति में अंधे हो गए हैं, उन्हें यह भली भांति समझ लेना चाहिए कि भाजपा धर्म के आधार पर वर्ग विशेष के आरक्षण को समाप्त कर देगी और अनुसूचित जाति, जनजाति व ओबीसी वर्ग को उनका हक़ मिलेगा।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी न केवल आरक्षण को सुरक्षित करते हैं बल्कि उन्होंने देश के लाखों गरीबों के लिए ढेरों काम भी

किए हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पीएम आवास योजना के 4 करोड़ घरों का निर्माण करवाया है, 14 करोड़ गरीबों के घरों तक नल से जल पहुंचाया, 10 करोड़ गरीबों को गैस सिलेंडर दिया, 80 करोड़ गरीबों को 5 किलो अनाज निःशुल्क मुहैया करवाया, 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख तक का इलाज निःशुल्क मुहैया करवाया, 1 करोड़ माताओं-बहनों को लखपति दीदी बनाया, 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया और 11 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत 6000 रुपए देने का काम किया है। उत्तर प्रदेश कि धरती से अनेकों लोग सेना में जाते हैं और देश कि सुरक्षा के लिए अपनी आयु का स्वर्णिम काल सीमा पर बिताते हैं। **इंदिरा गांधी के शासन में सैनिकों ने वन रैंक, वन पेंशन कि मांग उठाई, जिसे बाद कि किसी भी सरकार ने पूरा नहीं किया, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सैनिकों कि वन रैंक, वन पेंशन कि मांग को पूरा करके सैनिकों का सम्मान करने का काम किया है।**

श्री शाह ने कहा कि **उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार के समय अपराधियों का बोलबाला था, जो आम लोगों की जमीनों को हथियाने का काम करते थे। 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने गुंडों को उल्टा लटका कर सीधा करने का काम किया और प्रदेश को अपराध मुक्त किया है। पहले उत्तर प्रदेश में कट्टे बनाए जाते थे, मगर अब यहाँ के डिफेंस कॉरीडोर में तोप के गोले और ब्रह्मोस मिसाईल का निर्माण किया जा रहा है।** पहले उत्तर प्रदेश में गाड़ी चोरी करने वालों का गैंग काम करता था, मगर अब यहाँ गाड़ियों का विनिर्माण हो रहा है। भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण किया गया है और बूचड़खानों की जगह पर गौशालाएं बनाने का काम किया है। **घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। एक ओर उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार करने वाली सपा और यूपीए सरकार ने 12 लाख करोड़ रुपए के घपले-घोटालों को अंजाम दिया है। वहीं दूसरी ओर 25 साल से संवैधानिक पद पर रहने के बावजूद भी जिनपर 25 पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, ऐसे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं।** सपा के शासन में 6 हजार करोड़ पीएफ घोटाला, 1500 करोड़ गोमती रिवर फ्रन्ट घोटाला, लैपटॉप घोटाला, नोएडा भूमि आवंटन घोटाला, पुलिस भर्ती घोटाला, जल निगम घोटाला हुए। कांग्रेस पार्टी ने दरिया से लेकर आसमान तक सिर्फ घोटाले ही किए है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि यह चुनाव दो खेमों में बंटा हुआ है। एक तरफ एनडीए का खेमा है, जो श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और दूसरी तरफ इंडी गठबंधन है, जो राहुल गांधी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। **ये चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों के बीच का चुनाव है।** आतंकियों ने उरी और पुलवामा में हमला करने की गलती की, तो भारतीय सेना ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयरस्ट्राइक करके आतंकियों का सफाया किया। कांग्रेस गरीबों की बात करती है। राहुल बाबा की दादी ने सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। एक गरीब चाय वाले के बेटे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जी मुफ्त राशन देकर देश के 80 करोड़ गरीबों का कल्याण किया।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सभी को नि:शुल्क टीका लगा कर कोरोना की महामारी से बचाया। महामारी के समय राहुल गाँधी और अखिलेश यादव जनता से टीका न लगाने बात करके अपनी ओछी राजनीति का परिचय दिया। **इस चुनाव में एक ओर पूरा परिवारवादी कुनबा है, जिसका उद्देश्य अपने बेटे-बेटियों को राजनीति में आगे बढ़ाना है। लालू जी अपने बेटे को, स्टालिन अपने बेटे को और ममता अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। सोनिया जी अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं, लेकिन नरेन्द्र मोदी जी का परिवार देश के 140 करोड़ भारतीय हैं।** कांग्रेस और सपा ने 70 साल तक राम मंदिर के निर्माण का कार्य अटककर रखा था। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूसरे कार्यकाल में राम जन्मभूमि केस का निर्णय भी आया, भूमि पूजन भी हुआ और जनवरी में रामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेता वोटबैंक की राजनीति के चलते राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं गए और उसका बहिष्कार किया। समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं और सैंकड़ों कारसेवकों को गोलियों से भून दिया गया।

श्री शाह ने कहा कि श्रवण धाम को अयोध्या का पूर्वी द्वार कहा जाता है, यही जगह है जहां प्रभु श्री राम के वनवास की नींव रखी गई और अगर प्रभु श्रीराम का वनवास न हुआ होता, तो रावण का वध भी नहीं हुआ होता। श्री रितेश पांडेय के जीतने के बाद महाराज सुहेलदेव की बड़ी प्रतिमा लगाने का काम पूरा किया जाएगा। यह भूमि निषाद राज की भूमि है जिन्होंने भगवान राम को गंगा पार कारवाई थी और आज उनकी मिलन स्थली पर निषादराज का स्मारक बन रहा है। **कांग्रेस का कहना है कि इस देश के संसाधनों पर सबसे पहला हक देश के अल्पसंख्यकों का है, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का कहना है कि इस देश के संसाधनों पर सबसे पहला हक दलित, आदिवासी, पिछड़ा समाज, गरीब और महिलाओं का है।** मोदी जी ने अंबेडकरनगर के विकास के लिए अनेकों काम किए हैं। अम्बेडकर नगर के कटका और बेवाना में 2 औद्योगिक गलियारे बनाए गए हैं, अकबरपुर में 4 लेन सड़क बनी है, बाईपास की स्वीकृत की गई हैं, 400 किलोवाट की हाई वोल्टेज बिजली की लाइन पहुंची ह और पुनथर झील का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने क्षेत्र के लगभग 64 हजार गरीबों को घर दिया, 1 लाख 74 माताओं को गैस सिलेंडर प्रदान किया, 3 लाख 15 हजार माताओं को नल से जल दिया और 4 लाख 24 हजार घरों में शौचालय बनावाए हैं। सपा-बसपा की सरकारों ने 20 चीनी मिल बंद कर दी थी। भाजपा सरकार ने सभी 20 मिल को फिर से शुरू किया और 5 नई मिल बनाई है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने भगवान बुद्ध के लिए सर्किट का निर्माण किया और स्वदेश दर्शन योजना के तहत बुद्ध सर्किट पर 350 करोड़ रुपए का खर्च किया। भाजपा सरकार ने डुमरियागंज में 800 किलोमीटर सड़क का निर्माण, 10 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे अंडरपास का निर्माण, 27 हजार ग्रामीण घर बनाए, 2 लाख महिलाओं को गैस सिलेंडर, 4 लाख घरों को नल से जल कनेक्शन, 4 लाख 11 हजार शौचालय और साढ़े 3 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि मुहैया कारवाई। मोदी सरकार ने सिद्धार्थनगर में मेडिकल कॉलेज, 26 हजार माताओं को निराश्रित पेंशन, 61 हजार लोगों को वृद्ध पेंशन और इटवा को पॉलीटेक्निक कॉलेज प्रदान किया। भाजपा सरकार ने ग्राम सड़क योजना 580 किलोमीटर, खलीलाबाद विधानसभा में रेलवे अंडरपास, 5 हजार करोड़ से संत कबीर नगर को सिद्धार्थनगर को जोड़ने का काम किया है। 1 लाख 33 हजार माताओं को गैस का सिलेंडर दिया और 2 लाख घरों में नल से जल पहुंचाया है। खलीलाबाद क्षेत्र में बहुत अच्छे पीतल के बर्तन बनते हैं और एक समय में यह बर्तन गुजरात में भी भेजे जाते थे। आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने इसको वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट की सूची में शामिल कर के पीतल के बर्तन के उद्योगों को बढ़ावा दिया है। 4 तारीख के परिणाम के बाद सपा और कांग्रेस के शहजादे छुट्टी मनाने के लिए विदेश जाने वाले हैं। एक ओर थोड़ी गर्मी पड़ते ही छुट्टी मनाने के लिए थाइलैंड जाने वाले राहुल बाबा हैं और दूसरी ओर दिवाली के दिन भी छुट्टी न लेने वाले और सेना के जवान के साथ मिठाई खाकर सरहद पर दिवाली मनाने वाले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। श्री  शाह ने उत्तर प्रदेश की सभी सीटों पर कमल खिलाने और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील की।

******************